जन सुरक्षा योजनाओं के सात वर्ष

प्रिलिम्स के लिये:

प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, पेंशन कोष नियामक एवं विकास प्राधिकरण, राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली।

मेन्स के लिये:

प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, इन योजनाओं का महत्त्व, कल्याणकारी योजनाएँ।

चर्चा में क्यों?

देश के असंगठित वर्ग के लोगों को आर्थिक रूप से सुरक्षित करने के उद्देश्य से सरकार ने दो बीमा योजनाएँ- PMJJBY और PMSBY शुरू कीं एवं वृद्धावस्था की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिये ने APY की शुरुआत की।

- इन योजनाओं का उद्घाटन पश्चिम बंगाल के कोलकाता शहर में प्रधानमंत्री द्वारा मई 2015 में किया गया था।

प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना:

- **योजना:** यह **एक वर्षीय** दुर्घटना बीमा योजना है जो प्रतिवर्ष नवीनीकृत होती है और दुर्घटना के कारण मृत्यु या विकलांगता के लिये बीमा कवरेज प्रदान करती है।
- **अर्हता:** यह योजना 18 से 70 वर्ष की आयु समूह के उन लोगों के लिये है, जिनका किसी बैंक में खाता है जिसमें से स्वतः डेबिट सुविधा के ज़रिये प्रीमियम वसूल किया जाता है।
- **लाभ:** प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत 12 रुपए वार्षिक प्रीमियम पर 2 लाख रुपए का दुर्घटना बीमा कवर प्रदान किया जाता है और दुर्घटना में मृत्यु होने पर बीमा राशि का भुगतान किया जाता है।
- **उपलब्धियाँ:** वर्तमान में इस योजना के तहत कुल 28.37 करोड़ से अधिक नामांकन किये गए हैं और 97,227 दावों के लिये कुल 1,930 करोड़ की राशि का भुगतान किया जा चुका है।

प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना:

- **योजना:** यह एक वर्षीय जीवन बीमा योजना है जो प्रतिवर्ष नवीनीकृत होती है और किसी भी कारण से हुई मौत के लिये बीमा कवरेज प्रदान करती है।
- **अर्हता:** प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना 18 से 50 वर्ष की आयु समूह के उन लोगों के लिये उपलब्ध है, जिनका कोई बैंक खाता होगा जिसमें से स्वतः डेबिट सुविधा के ज़रिये प्रीमियम वसूल किया जा सकता है।
- **लाभ:** इस योजना के तहत 330 रुपए वार्षिक (प्रतिदिन 1 रुपए से कम) प्रीमियम देने पर 2 लाख रुपए का जीवन बीमा मिलता है। इस योजना में दुर्घटना के साथ-साथ सामान्य मृत्यु पर भी बीमा राशि मिलती है।
- **उपलब्धि:** इस योजना के तहत संचयी नामांकन 12.76 करोड़ से अधिक और 5,76,121 दावों के लिये 11,522 करोड़ रुपए की राशि का भुगतान किया जा चुका है।

अटल पेंशन योजना:

- **पृष्ठभूमि:** यह योजना मई 2015 में सभी भारतीयों, विशेष रूप से गरीबों, वंचितों और असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिये एक सार्वभौमिक सामाजिक सुरक्षा प्रणाली बनाने के उद्देश्य से शुरू की गई थी।
    - यह असंगठित क्षेत्र के लोगों को वित्तीय सुरक्षा प्रदान करने और भविष्य की ज़रूरतों को कवर करने के लिये सरकार की एक पहल है।
- **प्रशासित:** इस योजना को एनपीएस के माध्यम से 'पेंशन फंड नियामक एवं विकास प्राधिकरण' द्वारा प्रशासित किया जाता है।
- **योग्यता:** इस योजना में 18-40 वर्ष के बीच की आयु वाला भारत का कोई भी नागरिक शामिल हो सकता है। इस योजना में देर से शामिल होने वाले

ग्राहक की योगदान राशि ज़्यादा और जल्दी शामिल होने वाले ग्राहक की योगदान राशि कम होती है।

- **लाभ:** यह अभिदाताओं को उनके योगदान के अनुसार 60 वर्ष की आयु प्राप्त करने पर 1000 रुपए से 5000 रुपए तक की न्यूनतम गारंटीड पेंशन प्रदान करता है।
- **केंद्र सरकार द्वारा योगदान:** सरकार द्वारा न्यूनतम पेंशन की गारंटी दी जाएगी, अर्थात यदि योगदान के आधार पर संचित कोष निवेश पर अनुमानित रिटर्न से कम अर्जित करता है और न्यूनतम गारंटीकृत पेंशन प्रदान करने के लिये अपर्याप्त है, तो केंद्र सरकार ऐसी अपर्याप्तता को निधि देगी।
    - वैकल्पिक रूप से यदि निवेश पर प्रतिफल अधिक है तो अभिदाताओं को बढ़े हुए पेंशन लाभ प्राप्त होंगे।
- **भुगतान आवृत्ति:** अभिदाता मासिक/तिमाही/अर्द्धवार्षिक आधार पर अटल पेंशन योजना में अंशदान कर सकते हैं।
- **उपलब्धि:** अब तक 4 करोड़ से अधिक व्यक्तियों ने इस योजना की सदस्यता ली है।

पेंशन फंड नियामक और विकास प्राधिकरण (PFRDA):

- **यह राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (NPS)** के व्यवस्थित विकास को विनियमित करने, बढ़ावा देने और सुनिश्चित करने के लिये संसद के एक अधिनियम द्वारा स्थापित वैधानिक प्राधिकरण है।
- यह वित्त मंत्रालय के **वित्तीय सेवा विभाग** (Department of Financial Service) के अंतर्गत काम करता है।

योजनाओं का महत्त्व:

- ये तीन सामाजिक सुरक्षा योजनाएँ नागरिकों के कल्याण के लिये समर्पित हैं जो अप्रत्याशित जोखिमों/नुकसानों और वित्तीय अनिश्चितताओं से मानव जीवन को सुरक्षा प्रदान करती हैं।
- PMJJBY और PMSBY लोगों को कम लागत वाले जीवन/दुर्घटना बीमा कवर तक पहुँच प्रदान करते हैं, जबकि APY वर्तमान बचत को बढ़ावा देकर बुढ़ापे में नियमित पेंशन प्राप्त करने का अवसर प्रदान करता है।
- इन योजनाओं में पिछले सात वर्षों से लाभान्वित और नामांकित लोगों की संख्या इसकी सफलता का प्रमाण है।
- ये कम लागत वाली बीमा योजनाएँ और गारंटीड पेंशन योजना यह सुनिश्चित करती है कि वित्तीय सुरक्षा जो पहले कुछ चुनिंदा लोगों के लिये उपलब्ध थी, अब समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँच रही है।

विगत वर्षों के प्रश्न:

प्रश्न . 'अटल पेंशन योजना' के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं? (2016)

1. यह मुख्य रूप से असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों पर लक्षित एक न्यूनतम गारंटीकृत पेंशन योजना है।
2. एक परिवार का एक ही सदस्य इस योजना में शामिल हो सकता है।
3. यह ग्राहक की मृत्यु के बाद जीवन भर के लिये पति या पत्नी हेतु समान राशि की पेंशन गारंटी है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

(a) केवल 1
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

उत्तर: C

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/seven-years-of-jan-suraksha-schemes